सांध्य दैनिक
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 9 अंक : 241 | इंदौर, मंगलवार 12 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. हरियाणा में सियासी भूचाल: भाजपा-जजपा गठबंधन टूटा, पूरी कैबिनेट का इस्तीफा, एक बजे होगा शपथग्रहण समारोह
2. SC: सीएए कानून के खिलाफ मुस्लिम लीग ने दायर की याचिका, सुप्रीम कोर्ट से रोक लगाने की मांग

# 14 घंटे, बिना छुट्टी के काम तनख़्वाह भी उचित नहीं

## गिग वर्क भी सामाजिक असमानताओं से प्रभावित .. अनारक्षित श्रेणी के 16% ड्राइवर 14 घंटे से अधिक काम, वहीं एससी-एसटी ड्राइवर 60% हैं.

**गिग वर्कर्स वे श्रमिक होते हैं जो अस्थायी काम करते हैं. ये लोग किसी काम को टेम्परेरी तौर पर करते हैं और बेहतर अवसर मिलने पर अपने काम को बदल लेते हैं. स्विगी, जोमैटो, उबर जैसे ऐप के जरिये समान डिलीवर करने वाले वर्कर्स इसका उदाहरण हैं.**




@ DGR विशेष

लगभग 83% ऐप-आधारित कैब ड्राइवर प्रतिदिन 10 घंटे से अधिक काम करते हैं, जबकि लगभग एक तिहाई के लिए काम के घंटे प्रतिदिन 14 घंटे.से अधिक होते हैं. यह जानकारी 10,000 से अधिक भारतीय गिग वर्कर्स (स्वतंत्र तौर पर काम करने वाले श्रमिकों) के एक अध्ययन से पता चला है

इस अध्ययन में आठ शहरों - दिल्ली, हैदराबाद, बेंगलुरु, मुंबई, लखनऊ, कोलकाता, जयपुर और इंदौर - में 5,302 कैब ड्राइवरों और 5,028 डिलीवरी करने वाले शामिल थे.

रिपोर्ट में कहा गया है कि अध्ययन में भाग लेने वाले 43 प्रतिशत से अधिक प्रतिभागी सभी खर्चों को काटने के बाद 500 रुपये प्रतिदिन या 15,000 रुपये/महीने से कम कमाते हैं.

इसमें कहा गया है कि लंबे समय तक काम करने के कारण ड्राइवर शारीरिक रूप से थक जाते हैं और सड़क यातायात दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है. कुछ ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों की 'दरवाजे पर 10 मिनट की डिलीवरी' नीति से यह और बढ़ गया है.

अध्ययन में यह भी पाया गया कि लगभग 72% कैब ड्राइवर और 76% डिलीवरी कर्मचारी बहुत मुश्किल से गुजरा कर रहे हैं, वहीं 68% ऐसे हैं, जिन्होंने उनकी अपनी आय से कहीं अधिक खर्चे होने की बात स्वीकारी हैं. रिपोर्ट इन ऐप-आधारित श्रमिकों के लिए बेहतर पैसे और समर्थन की पुरजोर वकालत करती हैरिपोर्ट में आईडी डीएक्टिवेट होने और ग्राहकों द्वारा दुर्व्यवहार के मुद्दे पर भी बात की गई है. सरकार को और अन्य सामाजिक संस्थाओं को चाहिए कि इस रिपोर्ट को दृष्टिगत रखते हुए, श्रमिकों के हितार्थ ठोस और प्रभावी कदम उठावे।






# जाम से मुक्ति के लिए रोड होगा 100 फीट चौड़ा

## सर्वे पूरा, रोड की चौडाई, बिजली पोल, पेड़ और पुल-पुलिया चिन्हित कर उतारा ड्रेसिंग पर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एरोड्रम पुलिस थाने से छोटा बगड़दा होते हुए एमआर-5 तक रोड की चौड़ाई कम होने पर बार-बार यातायात जाम होता रहता है। इस कारण रहवासियों और राहगीर दोनों को परेशानी होती है। इसे देखते हुए रोड को 100 फीट चौड़ा बनाया जा रहा है। इसके लिए एरोड्रम पुलिस थाने से लेकर एमआर-5 तक सड़क का सर्वे नगर निगम योजना शाखा ने कर लिया है। इसके साथ ही रोड की वर्तमान चौड़ाई, बिजली पोल, पेड़ और पुल-पुलिया चिन्हित कर ड्रेसिंग (ड्राइंग) पर उतार दिया गया है। महापौर को भी सर्वे कर बनाई गई ड्राइंग दिखा दी गई है। अब रोड चौड़ीकरण को लेकर टेंडर बुलाने की तैयारी है।**

### निगम योजना शाखा ने एरोड्रम पुलिस

थाने से 60 फीट रोड, छोटा बांगड़दा होते हुए एमआर-5 तक 100 फीट रोड चौड़ीकरण की तैयारी कर ली है। अभी इस रोड़ की चौड़ाई कहीं 40 तो कहीं 50 और कहीं 60 व 70 फीट है। इस कारण स्कूल की बस सहित अन्य बड़े वाहन निकलने पर बार-बार यातायात जाम होने की स्थिति चनती है। इसके साथ ही रहवासियों और राहगीरों को काफी परेशानी होती है। पिछले दिनों महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने क्षेत्रीय पार्षद, अन्य जनप्रतिनिधि और निगम अफसरों के साथ रोड का निरीक्षण किया था। अफसरों को सड़क चौड़ीकरण के संबंध में सर्वे करने के निर्देश दिए थे। योजना शाखा के अफसरों ने एरोड्रम पुलिस थाने से एमआर-5 तक बनने वाली 100 फीट चौड़ी सड़क का सर्वे कर लिया है। ड्रइंग देखने के बाद महापौर ने रोड चौड़ीकरण को लेकर टेंडर बुलाने के निर्देश योजना शाखा को दिए है। सड़क चौड़ीकरण को लेकर प्रस्ताव मेयर-इन-कौंसिल और परिषद की बैठक में मंजूर हो गया है।

### लोगों को मिलेगा बेहतर विकल्प

एरोड्रम थाने से एमआर-5 तक 100 फीट दौड़ी रोड बनने से एयरपोर्ट और सुपर कॉरिडोर को और आने-जाने वाले लोगों को बेहतर विकल्प मिलेगा। निगम योजना शाखा रोड चौड़ीकरण के चलते 6 लेन सीमेंट कांक्रीट रोड बनाने के साथ सेंट्रल मिडियन, पुल-पुलिया निर्माण, फुटपाथ, स्टार्म वॉटर लाईन, सेंट्रल लाइटिंग और इलेक्ट्रिक लाइन शिफ्टिंग आदि कार्य करेगी।

### विशेष निधि में मांगा पैसा

रोड चौड़ीकरण और अन्य कामों पर कुल 35 करोड 48 लाख रुपए खर्च होंगे। निगम खजाने में पैसा न होने पर एरोड्रम थाने से एमआर-5 तक रोड रोड चौड़ीकरण के लिए पैसा राज्य सरकार से मांगा गया है। यह पैसा विशेष निधि में मांगा गया है। इसका प्रस्ताव बनकर भोपाल पहुंच गया है। पैसा आने तक निगम योजना शाखा टेडर बुलाने के साथ मंजूर करने की प्रक्रिया पूरी करेगा, ताकि पैसा आने के इंतजार में काम में विलंब न हो।

### अभी बाधक निर्माण नहीं किए चिन्हित

एरोडम थाने से एमआर-5 रोड तक निगम योजना शाखा के अफसरों ने सर्वे कर लिया, लेकिन बाधक निर्माण अभी चिन्हित नहीं किए है। इसको लेकर अफसरों कहना है कि रोड की चौड़ाई के हिसाब से सेंट्रल लाइन डलने के बाद बाधक निर्माण चिन्तित होंगे और फिर 100 फीट चौड़ी सड़क बनाने के दौरान बाधित निर्माणों को तोड़ा जाएगा।

# प्रदेश की प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

## भगोरिया में जमकर थिरके आदिवासी कलाकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में वुमंस प्रेस क्लब म. प्र. द्वारा 9 मार्च शाम 6:00 बजे से गांधी हॉल परिसर इंदौर में नेशनल टॉक शो,एवं मीडिया शक्ति अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जिसमें मध्यप्रदेश की प्रतिभाओं को मीडिया शक्ति अवार्ड से सम्मानित किया गया।**

इस अवसर पर झाबुआ के कलाकारों द्वारा भगोरिया नृत्य की प्रस्तुति का आयोजन किया गया जिसमें मांदल की थाप पर आदिवासी कलाकार जमकर थिरके उत्साह और उमंग के बीच शक्ति अवार्ड समारोह का आयोजन सम्पन्न हुवा।

वुमेंस प्रेस क्लब की अध्यक्ष शीतल रॉय एवं सचिव ऋतु साहू ने बताया कि इस आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए इस बार मीडिया के क्षेत्र में सालों से कार्य कर रहे शहर के फोटो जर्नलिस्ट को मीडिया के क्षेत्र में अपनी फोटोग्राफी के माध्यम से विशेष योगदान के लिए मीडिया अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया है, वही अपनी संस्कृति अपनी धरोहर के तहत पिछले दो सालों से लोक सांस्कृतिक पर्व भगोरिया उत्सव का आयोजन भी इस समारोह में किया जाता जा रहा है,जिसमे आदिवासी संस्कृति और कला से सभी रूबरू हो सके झाबुआ के कलाकारों द्वारा भगोरिया उत्सव की विशेष प्रस्तुति का आयोजन किया गया।साथ ही फूलों की होली का भी आयोजन किया गया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि शमशेर सिंह वरिष्ठ टी वी पत्रकार, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती,भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपी नेमा, पंडित योगेंद्र महंत अध्यक्ष विश्व ब्राम्हण महासंघ, प्रतीक्षा नय्यर, स्टेट प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रवीण कुमार खारीवाल मौजूद रहे।

### झोन अध्यक्ष श्रीमती जोशी द्वारा पदभार ग्रहण

इंदौर। नवनिर्वाचित झोन क्रमांक 08 की झोन अध्यक्ष एवं पार्षद श्रीमती संगीता महेश जोशी द्वारा विजय नगर चौराहे पर स्थित झोनल कार्यालय में झोन अध्यक्ष पद का पदभार ग्रहण किया गया। इस अवसर पर पूर्व लोकसभा अध्यक्षा श्रीमती सुमित्रा महाजन, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायक श्री महेन्द्र हार्डिया, पार्षद श्री प्रणव मंडल, श्रीमती ज्योति शरद पंवार, श्रीमती गौहर व अन्य अतिथियों द्वारा नवनिर्वाचित झोन अध्यक्ष श्रीमती जोशी को पुष्पगुच्छ देकर बधाई दी गई।

### महिलाओं ने मनाया महिला दिवस व फाग उत्सव

इंदौर। महिला क्षत्राणी इकाई, करणी सेना परिवार, इंदौर टीम द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ममता जितेन्द्र सिंह सोलंकी जीजा के नेतृत्व में महिला दिवस और फाग उत्सव का आयोजन निजी होटल में किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष हेमलता देवड़ा जीजा द्वारा महाराणा प्रताप का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ब्रजबाला जीजा, मंजू जीजा द्वारा महिला दिवस पर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में आयुषी बाईसा, कीर्ति जीजा, संगीता जीजा, मीनाक्षी जीजा, प्रियंका जीजा,मोनिका बैस जीजा, पूजा जीजा, सीमा सोलंकी जीजा, सीमा सेंगर जीजा,अंजू जीजा,माधवी जीजा,रेखा जीजा और समस्त इंदौर टीम उपस्थित रही।

# नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 150 महिलाओं की जांच की गई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महिलाये घर और परिवार की धुरी है। अत उनका स्वस्थ और फिट रहना बहुत जरूरी है, इसलिए वे कुछ समय अपने लिए भी निकाले। महिलाएं स्वस्थ रहेगी तो पूरा परिवार स्वस्थ रहेगा। महिलाओ को समय समय पर अपने स्वास्थ्य की भी जांच कराते रहना चाहिए।**

ये विचार वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ, सुनंदा जैन के हैं, जो उन्होंने विश्व महिला दिवस पर अर्पण नर्सिंग होम और आरव वेलफेयर सोसायटी द्वारा निशुल्क महिला स्वास्थ जांच शिविर के शुभारंभ अवसर पर कहे। इस मौके पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ, कोमल जैन ने कहा कि महिलाओ की ग्रीवा कैसर का टीका आ गया है। इसके बावजूद वे अपने स्वास्थ्य की चिंता करे और स्वयं को फिट रखने के लिए एक्सरसाइज् भी करें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायंस क्लब इंदौर अर्पण के रीजन चेयरमैन अनुराधा मिश्रा और मधुसूदन भलिका थे। भलिका ने कहा कि इस तरह के आयोजन लगातार किये जाने चाहिए। डॉ ज्योति जोशी ने बताया कि शिविर में 150 महिलाओ की हिमोग्लोबिन, टीएनटी, थायराइड, शुगर, हड्डियो की जांच, ब्लड की जांच एवं दांतों की जांच निशुल्क की गई। साथ में उन्हें चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। अतिथि स्वागत श्रीमती मणी जोशी ने किया। इस मौके पर डॉ , अशोक जैन, डॉ, सारिका वर्मा, डॉ यशविनि चौहान एवं वर्तिका सक्सेना विशेष रूप से उपस्थित थे।

कटाक्ष




# सौर ऊर्जा अपनाकर पर्यावरण सुधार और आर्थिक बचत की राह आसान करे

## →पीएम सूर्यघर योजना में दी जा रही अब तक की सर्वाधिक वित्तीय मदद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने अधिकाधिक उपभोक्ताओं से सौर ऊर्जा अपना कर पर्यावरण सुधार के साथ आर्थिक बचत में भूमिका निभाने का आह्वान किया हैं। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना में अब तक की सर्वाधिक सब्सिडी लेकर मौजूदा बिजली उपभोक्ता अपने घर पर सोलर सिस्टम लगा सकते हैं।**

मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना में तीन किलो वॉट तक के सौर ऊर्जा संयंत्र पर अब तक की सबसे ज्यादा सब्सिडी मिल रही है। नई योजना के अनुसार एक किलो वॉट पर तीस हजार, दो किलो वॉट के संयंत्र पर कुल 60 हजार एवं तीन किलो वॉट के संयंत्र पर कुल 78 हजार तक सब्सिडी ली जा सकती है। स्वयं के घर पर इस क्षमता के उपर के संयंत्रों पर भी अधिकतम 78 हजार सब्सिडी प्राप्त की जा सकती है। इस तरह भारी सब्सिडी के साथ ही पर्यावरण के हित में अपनी भूमिका निभाई जा सकती है, साथ ही आर्थिक रूप से बचत भी की जा सकती है, तीन किलो वाट के संयंत्र पर संयंत्र की लागत तीन से साढ़े तीन वर्ष में निकल आती है, इसके बाद अगले बीस वर्ष तक बिजली बिल्कुल मुफ्त मिलती रहेगी। मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने योजना का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया है। श्री तोमर ने बताया कि योजना के तहत घरों पर रूफ टॉप सोलर नेट मीटर संबंधी प्रकरण कम से कम समय में मंजूर किए जा रहे हैं।

# शहर के भू-जल स्तर को बढाने हेतु चलाएंगे जल संरक्षण अभियान

## मेयर इन कौंसिल की बैठक संपन्न

→निगम के आवश्यक दस्तावेजो को डिजिटलाईजेशन के माध्यम से करेगे सुरक्षित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के भू जल स्तर को बढाने के लिये शहर के नागरिको के सहयोग से जल संरक्षण अभियान चलाया जाएंगा। इसी प्रकार शहर के समस्त तालाबों, कुएं और बावड़ियों के संरक्षण के लिए सफाई अभियान चलाया जाएंगा। चंद्रभागा से मच्छी बाजार तक हुए अधूरे सड़क निर्माण कार्य को पूरा किया जाएंगा। उक्त निर्णय सोमवार को निगम मुख्यालय में आयोजित मेयर इन कौंसिल की बैठक में लिए गए है।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई एमआईसी की बैठक में आयुक्त श्रीमती हर्षिका सिंह, महापौर परिषद सदस्य श्री राजेन्द्र राठौर, श्री अभिषेक शर्मा, श्री अश्विनी शुक्ल, श्री निरंजनसिंह चौहान, श्री जीतु यादव, श्री मनीष शर्मा मामा, समस्त अपर आयुक्त, समस्त विभाग प्रमुख व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन कौसिंल की बैठक में शहर के भू जल स्तर को बढाने के लिये शहर के जागरूक नागरिको के सहयोग से जल संरक्षण अभियान चलाने के संबंध में निर्णय लिया गया। साथ ही शहर में स्थित कुएं-बावडी व तालाबो के संरक्षण के लिये भी अभियान चलाकर सफाई कराने व जीर्णोद्धार कार्य के संबंध में चर्चा की गई।

इसके साथ ही शहर में जलप्रदाय कार्य के संचालन व संधारण कार्य के दौरान जलप्रदाय पाईप लाईन में लीकेज आदि समस्या के त्वरित निराकरण के लिये क्वीक रिस्पांस टीम का गठन करने के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। आगामी वषार्काल के दौरान शहर में पर्याप्त जलापूर्ति को दृष्टिगत रखते हुए, वॉटर टैंकर की उपलब्धता व आवश्यक आगामी कार्यवाही के संबंध में भी निर्देश दिये गये। साथ ही आईटी कंसलटेंट की नियुक्ति करने पर भी चर्चा की गई। इसी प्रकार सरवटे बस स्टेण्ड जूनी इंदौर ब्रिज से चन्द्रभागा होते हुए, मच्छी बाजार चौराहे तक शेष सडक का विकास कार्य के संबंध में राशि रुपए 11 करोड 30 लाख की निविदा आमंत्रण की स्वीकृति दी गई।

मेयर इन कौसिल की बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गुलमर्ग परिसर स्थित लाइट हाउस प्रोजेक्ट, कावेरी परिसर, नीलगिरी परिसर, पलाश परिसर 1, सतपुडा परिसर, नर्मदा परिसर, ताप्ती परिसर, पलाश परिसर 2, अरावती परिसर, में प्रथम आओ प्रथम पाओ पद्धति से बहुमंजिला आवासीय इकाईयों के आवंटन कर ईडब्ल्युएस व एलआईजी श्रेणी के कुल 1262 हितग्राहियो की सूची का अनुमोदन की भी स्वीकृति प्रदान की गई।

महापौर श्री भार्गव द्वारा निगम के विभिन्न विभागो मे रखे शासकीय आवश्यक दस्तावेजो की सुरक्षा के लिये दस्तावेजो को स्केन कर डिजिटलाईजेशन करने हेतु प्रस्ताव पर चर्चा की गई। साथ ही केशरबाग ब्रिज निर्माण के साथ ही ब्रिज के नीचे पीपीपी मॉडल पर उद्यान निर्माण, खेल स्थान, दुकान निर्माण आदि पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

### बैठक में लिए गए अन्य निर्णय इस प्रकार रहे

- नर्मदा जलप्रदाय तृतीय चरण क्षमता 363 एमएलडी के तीन वर्षो के लिये संचालन व संधारण के कार्य के संबंध में राशि रुपए 20 करोड 74 लाख की लागत से निविदा आमंत्रण की स्वीकृति
- झोन 13 वार्ड 77 तेजाजी नगर टंकी क्षेत्र अंतर्गत कैलोद करताल एवं अनुराधा नगर में 110, 160, 200, 250 एवं 315 एमएल व्यास की एचडीपीई पाईप लाईन प्रदाय करने, बिछाने, जोडने, टेस्टिंग, कमीशनिंग एवं अन्य समस्त कार्यो के साथ ही पूर्ण करने संबंधित 3 करोड 10 लाख की कार्य स्वीकृति
- झोन 6 वार्ड 24 सुभाष नगर में झोनल कार्यालय के पीछे राय धर्मशाला के सामने निगम के पुराने शेड के स्थान पर सार्वजनिक इण्डोर स्पोर्टस काम्पलेक्स के निर्माण कार्य की निविदा निरस्त करने तथा पुनः निविदा आमंत्रित किये जाने की स्वीकृति
- जलयंत्रालय स्वच्छ भारत मिशन एवं उद्यान विभाग के अंतर्गत विभिन्न क्षमता के वॉटर टेंकरो की दरे आमंत्रित करने की स्वीकृति
- निगम लीज विभाग के महत्वपूर्ण दस्तावेजो के डिजिटाईलेशन हेतु निविदा आमंत्रण की स्वीकृति प्रदान की गई।

# जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप पीएम परिवार की शपथविधि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर इसलिए भी बन सका है कि हमारे सामाजिक संगठन और उनका ताना-बाना इतना मजबूत और व्यवस्थित है कि हम हर सेवाकार्य में अग्रणी बन जाते हैं। जैन समाज के संगठन प्रत्यक्ष उदाहरण है, जिनके प्रयासों से इंदौर को हर क्षेत्र में सफलता मिलती रही है। तरुणाई को मजबूत और सक्षम बनाकर ही हम समाज को आगे बढ़ा सकते हैं। समाज आगे बढ़ेगा तो शहर और शहर आगे बढ़ेगा तो देश भी आगे बढ़ेगा। हमारा सोच समाज के साथ शहर के विकास के लिए भी समर्पित होना चाहिए। जैन समाज के आदर्श सिद्धांत समूची मानवता का मार्गदर्शन करते हैं, इसलिए हर युग में ऐसे सिद्धांतों की सख्त जरूरत है।**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने रविवार को रवीन्द्र नाट्यगृह में जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप पीएम परिवार के वर्ष 2024-25 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए यह बात कही। महापौर भार्गव अध्यक्ष विकास झातारिका हुंडिया, सचिवद्वय स्वप्निल-रुचि संचेती और नवीनझवर्षा जैन के साथ ही अन्य पदाधिकारियों और कार्यकारिणी के सदस्यों का पदारोहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। ह्राजीतोह्न इंदौर के चेयरमैन हितेन्द्र मेहता प्रमुख अतिथि और भाजपा के मीडिया प्रभारी दीपक जैन टीनू, फेडरेशन के रीजन चेयरमैन तरुण कीमती विशेष अतिथि थे।

# समाज के असुरक्षित एवं संवेदनशील बच्चों के लिए संरक्षण केंद्र की शुरूआत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय) के तहत सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र के जरिये एक अनूठी पहल की गई।**

इसके तहत चंदन नगर इंदौर में मध्यप्रदेश का पहले असुरक्षित एवं संवेदनशील बच्चों का संरक्षण केंद्र का शुभारंभ रिटायर्ड जज मोहम्मद शमीम के कर कमलों से सम्पन्न हुआ।

बच्चों की संरक्षण केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर आपने कहा किआज के ये बच्चे ही हमारा वर्तमान और हमारा भविष्य है। इन्हें सुरक्षित हिफाजतवाला माहौल देना हमारा कर्तव्य है। विशेषकर समाज के वंचित और संवेदनशील बच्चे हम सभी की जिम्मेदारी है। इनके लिए हम सब को आगे आना होगा। ऐसे बच्चे जो अपराध की तरफ बढ़ रहे हैं या जिन्हें संरक्षण की आवश्यकता है। सामुदायिक मध्यस्थता केंद्रों के तहत संचालित इन संरक्षण केंद्रों में माध्यम से इन बच्चों को सरकार की विभिन्न एजेंसियों से जोड़कर इन्हें मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। अल-हिरा पब्लिक स्कूल चंदन नगर, उद्घाटित बाल संरक्षण केंद्र का संचालन सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र के माध्यम किया जाएगा।इस अवसर पर पूर्व कुलपति नरेन्द्र धाकड़, प्रताप करोसिया, अध्यक्ष वाल्मीकि समाज (राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त) स्थानीय पार्षद रफीक खान ने भी संबोधित किया।बाल संरक्षण केंद्र शुभारंभ के अवसर पर विभिन्न समाजों के सामुदायिक मध्यस्थगण और शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। नवीन चौधरी, कैलाश चंद्र चौधरी, प्यारे लाल वर्मा, एजाज शेख, एडवोकेट जहांगीर खान, कमल इसरानी, सतीश कुमार चेत्रमशेट्टी, प्रोफेसर असद खान, कार्टूनिस्ट इस्माइल लहरी, ओमप्रकाश धीमान, सहित शहर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

स्वागत याकूब मेमन ने किया, संचालन समन्वयक दिलीप गर्ग महानगर ने किया। आभार पूर्व कुलपति नरेंद्र धाकड़ ने किया। कारी वसीम एहमद, फहीम पटेल मेमन और उमेर फारूकी ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज में व्याख्यान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के महाराजा रणजीत सिंह कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल साइंसेज ने सतत विकास के माध्यम से विज्ञान में विविधता को उत्प्रेरित करना विषय पर आशा दरयानी, संस्थापक, आशा कंफेक्शनरी, इंदौर के द्वारा व्याख्यान दिया गया। उन्होंने स्टूडेंट्स को अपने स्वयं के उद्योग स्थापित करने पर विचार करने पर प्रेरित किया और उन्हें विज्ञान में करियर बनाने और विज्ञान के क्षेत्र में जागरूक करने के लिए प्रोत्साहित किया। महिलाओं को उद्योगों में बढ़ावा देने के लिए सरकार के द्वारा भी अवसर दिए जा रहे है। इस बात का भी उल्लेख किया गया। अतिथि स्वागत प्रो. सीमा शिंत्रे द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के शुरू में ग्लोबल वूमेन ब्रेकफास्ट का वीडियो दिखाया गया।

# एमबीए पास पत्नी को देना होगा भरण पोषण

## पढ़ी लिखी है कमा लेगी जैसे पति के तर्क कोर्ट ने खारिज किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर के कुटुम्ब न्यायालय ने पत्नी को 12 हजार रुपए भरण पोषण के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने पति के उस तर्क को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि पत्नी पढ़ी लिखी है और खुद कमा सकती है। इस पर कोर्ट ने टिप्पणी की कि भरण पोषण कानून का उद्देश्य आवारागर्दी और निराश्रिता को रोकना है। यह कानून सामाजिक न्याय का उपाय है और महिला एवं बालकों को संरक्षण देता है।

पीड़िता पत्नी के वकील कृष्ण कुमार कुन्हारे और डॉ. रूपाली राठौर ने बताया कि एयरपोर्ट निवासी पीड़िता पत्नी का विवाह 2017 में परदेशीपुरा क्षेत्र के युवक से हुआ था। शादी के बाद से ही ससुरालजनों ने उसे और उसके पति के वैवाहिक संबंध में अनावश्यक दखल देना शुरू कर दिया। बैडरूम के पास ही लगे हाल में टीवी देखने के बहाने ससुर बैठा रहता था। पति को दरवाजा खोलकर सोने की हिदायत देता था तथा कमरे में पीड़िता व उसके पति के द्वारा क्या खाने-पीने की वस्तु लायी जा रही है उन्हें चेक करता था व ससुर द्वारा पीड़िता के नये बेडरूम में भी ताका-झांकी करता था। पीड़िता के वकील ने दलील दी कि पीड़िता महिलाओं संबंधी बीमारी से ग्रसित है और डिप्रेशन की शिकार है। ससुराल वालों के अत्याचारों से परेशान होकर ही पति से अलग रह रही है। एवं पीड़िता के पास मात्र शैक्षणिक डिग्री होने एवं पढ़ी लिखी होने के आधार पर उसे भरण पोषण से वंचित नहीं किया जा सकता है।

### मध्यस्थता केंद्र का शुभारंभ

**इन्दौर।** बंगाली क्लब नवलखा पर रविवार को बंगाली समाज के मध्यस्थता केंद्र का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला न्यायाधीश जनाब मोहम्मद शमीम साहब थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जिस तरह इंदौर सफाई में नंबर वन है, उसी तरह हम सबको मिलकर मध्यस्थता में भी नंबर वन लाना है। कार्यक्रम में शहर काजी डॉ. इशरत अली, सिंधी समाज के किशोर कोडवानी सहित विभिन्न समाज के मध्यस्थ भी उपस्थित थे। बंगाली समाज की और से रवि नंदी सहित विभिन्न लोगों ने मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम में जहांगीर खान, याकूब मेमन, डॉ. अशोक शर्मा, जमीला जालीवाला, नरोत्तम माहेश्वरी आदि उपस्थित थे।

# सीएम बोले- नदियां हमारे प्रदेश की रक्तवाहिनियों जैसी

## पार्वती-कालीसिंध-चंबल और केन बेतवा लिंक से जुड़े तीन हजार गांवों में जल कलश यात्रा शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। केन बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजना से जुड़े गांवों में जल कलश यात्रा आज से निकल रही है। कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में सीएम डॉ मोहन यात्रा ने वर्चुअली नदियों का जल मिलाकर यात्रा का शुरूआत की। इस मौके पर डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, मंत्री प्रहलाद पटेल, तुलसी सिलावट, एसीएस जल संसाधन विभाग डॉ राजेश राजौरा मौजूद रहे।**

लोकसभा चुनाव आचार संहिता लागू होने के पहले एमपी सरकार केन बेतवा लिंक परियोजना और पार्वती चंबल कालीसिंध नदी जोड़ो परियोजना से लाभान्वित गांवों के किसानों को साधने में जुट गई है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव इन परियोजनाओं से जुड़े गांवों में जल कलश यात्रा निकालने का शुभारंभ किया। यह यात्रा 11 लोकसभा क्षेत्रों में निकाली जा रही है जहां से यह नदियां और इनके प्रोजेक्ट जुड़ेंगे। आज से 14 मार्च तक तीन दिवसीय कार्यक्रम इसके लिए तय किए गए हैं। इसमें जल कलश यात्राएं निकालने, नुक्कड़ नाटक और चित्रकला प्रतियोगिताओं के आयोजन किए जाएंगे।



राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में हुए कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि केन बेतवा और पार्वती कालीसिंध व चंबल नदियां हमारे लिए जीवन दायिनी हैं। ऐसे रक्तवाहिनियां हृदय और शरीर को पुष्ट रखती हैं वैसे ही ये नदियां अलग-अलग भू-भाग में बहते हुए हमें समृद्ध और ताकतवर बनाने काम करती हैं। इन दोनों ही योजनाओं के पूरा होने से जल संकट से निजात मिलेगी। इसके चालू होने से विकास के अलग-अलग सोपान एमपी तय करेगा। इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला, मंत्री प्रहलाद पटेल, करण सिंह वर्मा, तुलसी सिलावट, प्रदेश अध्यक्ष बीजेपी वीडी शर्मा भी मौजूद रहे।

जल संसाधन विभाग के अंतर्गत आने वाली इन परियोजनाओं में एमपी के लोगों में तीन दिनों में यह बताने का काम किया जाएगा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी और बीजेपी के मोहन सरकार के कार्यकाल में अगले पांच साल में तीन हजार गांवों के 16 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई और पीने के लिए पानी मिलेगा। जल संसाधन विभाग द्वारा इसके लिए संभागीय कार्यपालन यंत्रियों को नोडल अधिकारी बनाने का आदेश जारी किया गया है और कहा गया है कि कलेक्टरों को साथ मिलकर यहां होने वाले कार्यक्रमों में जिम्मेदारी निभाएं। इस पूरे मामले में खास बात यह है कि जिन लोकसभा क्षेत्रों में इसका व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है उसमें इंदौर, उज्जैन और धार लोकसभा क्षेत्र को छोड़कर बाकी टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, गुना, मुरैना, राजगढ़, झाबुआ, देवास के लिए बीजेपी ने कैंडिडेट्स का ऐलान भी कर दिया है।

### इन लोकसभा सीटों में फायदा

इस लिंक परियोजना से खजुराहो, टीकमगढ़ और दमोह लोकसभा क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को फायदा होगा। उन्हें पेयजल और सिंचाई के लिए पानी मिल सकेगा।

# खंडवा में प्रिंसिपल ने जहर पीया, 4 दिन से भर्ती

### बोले- स्टूडेंट्स के सामने अश्लील कमेंट करती है महिला टीचर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा में सरकारी हाईस्कूल के प्रभारी प्राचार्य (प्रिंसिपल) ने जहर पी लिया। वे जिला अस्पताल में 4 दिन से भर्ती हैं। उन्होंने सुसाइड अटैम्प्ट के पीछे दो सहकर्मियों को जिम्मेदार बताया है। महिला टीचर और उसके सहयोगी शिक्षक की प्रताड़ना से तंग आकर वे प्राचार्य का चार्ज छोड़ने तक की पेशकश कर चुके हैं।

प्रिंसिपल का आरोप है कि लेडी टीचर स्टूडेंट्स के सामने अश्लील कमेंट करती है। उसका रिकॉर्ड ऐसा है कि दो बार सस्पेंड हो चुकी है। आदिवासी समाज के सुखलाल सोलंकी मूल रूप से खरगोन के रहने वाले हैं। खंडवा शहर के रवींद्र नगर में परिवार के साथ रहते हैं। जावर संकुल के सुखलई (जामली सैय्यद) हाईस्कूल में प्रभारी प्राचार्य के पद पर हैं। वे 8 मार्च को जहर अपने साथ स्कूल ले गए। वॉट्सऐप पर स्टेटस डाला, ह्यमेरी लाइफ का द एंड। पत्नी ने इसे देखते ही फौरन स्कूल की एक महिला कर्मी को फोन पर सूचना दी। स्कूल में मौजूद मिड-डे-मील का स्टाफ उन्हें जावर अस्पताल लेकर आया। यहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# जिस पत्थर से राम मंदिर बना, उससे बनेगा रविदास मंदिर

## सागर में 11 एकड़ में चल रहा निर्माण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। सागर जिले के मकरोनिया में संत रविदास महाराज के भव्य मंदिर और कला संग्रहालय का निर्माण चल रहा है। इसे बनाने के लिए राजस्थान के वंशी पहाड़पुर के पत्थर का उपयोग किया जा रहा है। इसी पत्थर का उपयोग अयोध्या का राम मंदिर बनाने में भी किया जा रहा है। राजस्थान के कलाकार इन पत्थरों पर नक्काशी करेंगे।**

12 अगस्त 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संत रविदास महाराज के मंदिर का भूमिपूजन किया था। मकरोनिया के बड़तूमा में नागर शैली से इस मंदिर का निर्माण किया जा रहा है। 11 एकड़ जमीन पर बन रहे मंदिर की लागत 99.69 करोड़ रुपए आएगी। अब तक 25 फीसदी काम हो चुका है, जिससे मंदिर परिसर का आकार नजर आने लगा है। मंदिर निर्माण पूरा करने की समय सीमा अगस्त 2025 तय की गई है।

मकरोनिया के बड़तूमा में संत रविदास मंदिर का काम तेज गति से चल रहा है। मंदिर और भक्त निवास के फाउंडेशन का काम पूरा हो गया है। अब म्यूजियम का काम चल रहा है।

### 6 महीने में 25 फीसदी काम

8 फरवरी 2023 को संत रविदास महाकुंभ में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़तूमा में संत रविदास महाराज का मंदिर बनाने की घोषणा की थी। भूमिपूजन के बाद 1 सितंबर 2023 से निर्माण कार्य शुरू हो गया था। करीब 6 महीने में 25 प्रतिशत काम हो चुका है।

मंदिर का फाउंडेशन पूरा हो गया है। अब म्यूजियम फाउंडेशन का काम चल रहा है। डोरमेट्री प्रथम तल, भक्त निवास प्रथम तल, बाउंड्रीवॉल, कुंड कालोनेड स्ट्रक्चर फाउंडेशन का काम किया जा रहा है। टॉयलेट ब्लॉक स्ट्रक्चर, लाइब्रेरी और कैफेटेरिया प्लिंथ तक का निर्माण कार्य पूरा हो गया है।

### अब बात मंदिर में लगने वाले पत्थर की

मप्र पर्यटन विभाग के असिस्टेंट इंजीनियर मनीष डेहरिया बताते हैं कि संत रविदास महाराज मंदिर का निर्माण 10 हजार वर्गफीट में होगा। ऊंचाई 66 फीट रहेगी। मंदिर निर्माण में वंशी पहाड़पुर के गुलाबी और लाल रंग के पत्थर का उपयोग किया जाएगा। इस पत्थर पर पानी पड़ने से यह निखर जाता है। लाल पत्थर पर आसानी से नक्काशी की जा सकती है। इसमें टूट-फूट नहीं होती। कारीगर जरूरत के हिसाब से इस पर नक्काशी कर लेते हैं। वहीं, गुलाबी पत्थर हल्का सख्त होता है। इसका उपयोग जमीन पर किया जाएगा। लाल पत्थर का उपयोग गुंबद, पिलर समेत अन्य निर्माण कार्य में किया जाएगा।

# महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण

### मेवाड़ राजघराने के लक्षराजसिंह बोले- 21वीं शताब्दी हिंदुस्तान की, रास्ता सिर्फ शिक्षा; इतिहास और किताबें जरूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा में टैगोर पार्क पर स्थापित महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण किया गया। 12 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण मेवाड़ राजघराने के लक्षराजसिंह के हाथों हुआ। अनावरण को लेकर नगर निगम ने कार्यक्रम किया। जहां कैबिनेट मंत्री विजय शाह, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल समेत महापौर, विधायक गण और भाजपा नेता शामिल हुए। चुनावी आचार संहिता से पहले आयोजित हुए कार्यक्रम को राजनीतिक रंग दिया गया। राजपूत समाज के स्थानीय नेता उपेक्षित थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता राजपालसिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप के वंशज लक्षराजसिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप और उनके घोड़े चेतक का नाम तो इतिहास में बड़े अक्षरों में अंकित है लेकिन एक ओर पशु उनका हाथी था, जिसे पाठ्यक्रम में नहीं पढ़ाया गया इसलिए कई लोग जानते नहीं हैं। यहां बैठी मातृशक्ति को मैं कहना चाहूंगा कि हमें नई पीढ़ी को संस्कृति के बारे में सीखाने और समझाने की जरूरत है। आज हम लोग फेसबुक, व्हाट्स एप के प्रति आकर्षित हो रहे हैं। मानाकि यह 21वीं सदी है, होना चाहिए लेकिन संस्कारों और संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। एक दौर वो भी था जब सादगी थी, बंदगी थी, सरलता थी और तब ही जिंदगी थी। लेकिन फेसबुक, व्हाट्सएप नहीं थे। आज की तारीख में आने वाली पीढ़ी को इतिहास की जरूरत है, किताबों की जरूरत है।

# MP के तीन जिला में NIA की रेड

## भोपाल से एक युवक को हिरासत में लिया, खंडवा और बड़वानी में भी कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** नेशनल इंवेस्टिगेशन एजेंसी (NIA) की टीम ने मंगलवार को मध्यप्रदेश में तीन जिलों में छापा मारा। भोपाल के खानूगांव से एक युवक को हिरासत में लिया है। युवक के खालिस्तानी संगठन से जुड़े होने का इनपुट NIA को मिला था। इधर, खंडवा और बड़वानी में कार्रवाई जारी है। एनआईए ने मध्यप्रदेश के साथ ही पंजाब-हरियाणा और चंडीगढ़ में 30 जगहों पर कार्रवाई की।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि एनआईए की टीम ने खानूगांव से जिस युवक को हिरासत में लिया है, उससे भोपाल में सेफ हाउस में पूछताछ की जा रही है। इधर, टीम ने मेंडोरी में टेंट हाउस संचालक के घर दबिश दी। यहां से खाली हाथ लौट गई। मेंडोरी में रहने वाले युवक का संबंध पंजाब से है। बता दें, एनआईएन ने भोपाल के खानूगांव में करीब पांच महीने पहले भी रेड की थी, तब एक बुजुर्ग को हिरासत में लिया था।

**रिसॉर्ट पर छापा : पकड़ी ढाई करोड़ की टैक्स चोरी; आधी रात तक कार्रवाई-** ग्वालियर में सोमवार को भोपाल और ग्वालियर के केंद्रीय गुड्स एंड सर्विस टैक्स (CGST) के अफसरों ने इंपीरियल गोल्फ रिसॉर्ट पर छापा मारा है। टीम ने सुबह चार बजे तक दस्तावेज खंगाले। करीब ढाई करोड़ रुपए की टैक्स चोरी का खुलासा हुआ है। बताया जा रहा है कि यह रिसॉर्ट एमपी के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा के बेटे अंशुमन मिश्रा और बिल्डर रोहित बाधवा का है।

**दोपहर में पहुंची टीम, देर रात तक कार्रवाई-** विभाग के अफसरों को सूचना मिली थी कि रिसॉर्ट में टैक्स चोरी की जा रही है। इसके बाद सोमवार दोपहर 2.30 बजे सेंट्रल GST की 15 अफसरों की टीम यहां पहुंची और आधी रात तक दस्तावेज खंगालती रही। टीम ने रिसॉर्ट से जुड़े अन्य संस्थानों को भी निगरानी में लिया है। सोमवार को भोपाल से आई टीम ने ग्वालियर के स्थानीय अफसरों को साथ लेकर दो टीम बनाई। जो चार वाहनों से ग्वालियर बायपास पर सिरोल थाना क्षेत्र स्थित रिसॉर्ट पहुंची। छापे के दौरान वहां दोनों डायरेक्टर मौजूद थे।

**लगभग डेढ़ करोड़ की टैक्स की हेराफेरी-** अफसरों ने आधिकारिक तौर पर कोई भी खुलासा नहीं किया है, लेकिन सूत्रों के अनुसार रात तक डेढ़ करोड़ रुपए की टैक्स चोरी सामने आ चुकी है।

पता चला है कि भोपाल से अफसर रविवार रात को ही ग्वालियर पहुंच गए थे। यहां पहले उन्होंने इम्पीरियल गोल्फ रिसॉर्ट के डायरेक्टर अंशुमन मिश्रा और रोहित बाधवा के बारे में डिटेलिंग की। साथ ही, उनके अन्य प्रतिष्ठान और प्रोजेक्ट पर निगरानी रखी।

New Delhi

# जामिया से असम तक CAA के खिलाफ कहां-कहां आंदोलन, पिछली बार गई थी 100 की जान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत में सीएए यानी नागरिकता (संशोधन) अधिनियम-2019 लागू हो चुका है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले सोमवार को सीएए को लागू करने की घोषणा की। विवादास्पद कानून को पारित किए जाने के चार साल बाद केंद्र के इस कदम के कारण पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 से पहले भारत आने वाले गैर-मुस्लिम प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने का रास्ता साफ हो गया है। हालांकि कानून के लागू होते ही देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन शुरू हो रहे हैं। बता दें कि इसके पहले सीएए विरोधी प्रदर्शनों या पुलिस कार्रवाई के दौरान 100 से अधिक लोगों की जान चली गई थी।




असम में विपक्षी दलों ने सोमवार को सीएए लागू करने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार की आलोचना की। वहीं, राज्यभर में सीएए के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों के एक समूह और प्रभावशाली ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (एएएसयू) सहित लगभग 30 छात्र संगठनों और स्वदेशी निकायों ने नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज करने का फैसला किया है। वहीं, 16 दल वाले संयुक्त विपक्षी मंच, असम (यूओएफए) ने मंगलवार को राज्यव्यापी हड़ताल की घोषणा भी की है। ज्ञात हो कि असम में दिसंबर 2019 में विवादास्पद कानून के खिलाफ हिंसक विरोध प्रदर्शन देखा गया था।

New Delhi

## गोलियों की गूंज से थर्रा उठा नॉर्थ ईस्ट दिल्ली, कॉलेज के पास चली 24 से ज्यादा गोलियां

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश की राजधानी दिल्ली सोमवार की रात गोलियों की गूंज से थर्रा उठा. दरअसल उत्तर पूर्वी दिल्ली के अंबेडकर कॉलेज के पास पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हो गई जिसमें दो दर्जन से ज्यादा गोलियां चली. पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. वहीं बदमाशों द्वारा चलाई गई गोली पुलिसकर्मियों को भी लगी लेकिन बुलेटप्रूफ जैकेट की वजह से उनकी जान बच गई. गोलीबारी की इस भीषण घटना के बाद दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की. डीसीपी ने बताया कि दो दिन पहले सीलमपुर में फायरिंग हुई थी जिसमें एक की मौत हो गई थी और दूसरा घायल हो गया था.

उसी मामले में वांटेड एक आरोपी को लेकर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी. इसके बाद पुलिस ने अंबेडकर कॉलेज के पास आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया और देखा कि एक स्कूटी पर तीन लोग आ रहे थे.

पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया लेकिन आरोपी नहीं रुके और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की जिसमें तीन आरोपियों को पैर में गोली लगी. इसके बाद पुलिस ने मौके पर ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है. पकड़े गए तीन बदमाशों के नाम अली उर्फ फहद, आशिफ उर्फ खालिद, अल्सेजान उर्फ तोता है. बता दें कि बदमाशों की तरफ से की गई ताबड़तोड़ फायरिंग की वजह से दो पुलिसकर्मियों के बुलेट प्रूफ जैकेट पर भी गोली लगी लेकिन उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा. पुलिस बाकी आरोपियों को भी पकड़ने का प्रयास कर रही है. बता दें कि शनिवार की रात सीलमपुर में दो लोगों पर गोलीबारी की गई थी जिसमें अरबाज नाम के आरोपी की हत्या कर दी गई थी. वहीं दूसरे का अस्पताल में इलाज चल रहा है. इस गोलीबारी को लेकर पुलिस ने बताया था कि ये गैंगवार भी हो सकता है.

Jharkhand

## झारखंड में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के ठिकानों पर ED की छापेमारी, 17 ठिकानों पर रेड

**रांची, (एजेंसी) झारखंड में एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम छापेमारी कर रही है। मंगलवार सुबह केंद्रीय एजेंसी की टीमें कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के ठिकानों पर पहुंची। रांची और हजारीबाग में स्थित विधायक के आवास और अन्य ठिकानों पर ईडी की टीम पहुंची है।**

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आर्थिक अपराध की जांच करने वाली एजेंसी ने बड़कागांव सीट से विधायक अंबा प्रसाद और उनके सहयोगियों से जुड़े 17 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। एक अधिकारी ने बताया, 'कई केसों के संबंध में छापेमारी की गई है।' सूत्रों ने बताया कि जिन लोगों पर छापेमारी की गई है उनमें एक राज्य सरकार का एक सर्किल ऑफिसर भी शामिल है।

अंबा मौजूदा विधानसभा में सबसे कम उम्र की विधायक हैं। वह पूर्व मंत्री योगेंद्र शॉ की बेटी हैं। उनकी मां निर्मला देवी भी पूर्व विधायक हैं।

Uttarpradesh

## जौनपुर: BJP कार्यकर्ताओं से भरी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, 1 की मौत, रामलला के दर्शन करने जा रहे थे अयोध्या

**जौनपुर, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के जौनपुर में बीजेपी कार्यकर्ताओं से भरी एक बस हादसे का शिकार हो गई. इस हादसे में एक शख्स की मौत हो गई जबकि दर्जन भर से ज्यादा लोग घायल हो गए. बस में सवार लोग अयोध्या में राममंदिर के दर्शन के लिए जा रहे थे. तभी रास्ते में बस की ट्रक से भिड़ंत हो गई. भिड़ंत इतनी जोरदार थी बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया. मौके पर चीख-पुकार मच गई. आनन-फानन घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनका हाल जानने के लिए बीजेपी नेताओं का आना-जाना शुरू हो गया है.**

बताया जा रहा है कि सोनभद्र के दुद्धी से एक टूरिस्ट बस में करीब 30 लोग सवार होकर अयोध्या रामलला के दर्शन करने के लिए जा रहे थे. इसमें बीजेपी के कार्यकर्ता और उनके परिवार के लोग थे. लेकिन आज तड़के जौनपुर में तेज रफ्तार ट्रक ने इस बस को टक्कर मार दी. इस हादसे में एक शख्स की जान चली गई. वहीं, दर्जन भर लोग घायल हो गए. इनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है.

घटना जलालपुर थानाक्षेत्र के असबरनपुर गांव की है. मृतक 19 साल का अशोक पटेल है, जो सोनभद्र जिले के दुद्धी का रहने वाला था. दुद्धी से ही बीजेपी कार्यकर्ता राममंदिर के दर्शन करने जा रहे थे. मगर रास्ते में दर्दनाक हादसा हो गया.

खेल

# IPL 2024: 'हार्दिक विवाद' के बाद मुंबई को छोड़कर CSK के कप्तान बन सकते हैं रोहित?

### अंबाती रायुडू ने कही यह बात

**मुंबई, (एजेंसी)** आईपीएल 2024 को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं। आईपीएल का यह 17वां सीजन कई मायनों में दिलचस्प रहने वाला है। 22 मार्च से सीजन की शुरुआत हो रही है। पहले मैच में डिफेंडिंग चैंपियंस चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से चेपॉक में होगा। महेंद्र सिंह धोनी ने पिछले साल चेन्नई सुपर किंग्स को उसका पांचवां खिताब दिलाने के बाद एक साल और खेलने की बात कही थी। ऐसे में फैंस को इस बात को लेकर उत्सुकता है कि क्या यह माही का आखिरी सीजन होगा या फिर वह आगे भी खेलना जारी रखेंगे। इसके अलावा मुंबई इंडियंस की कप्तानी को लेकर लड़ाई भी सुर्खियों में रही है।




इस सीजन के लिए ऑक्शन से ठीक पहले एमआई ने हार्दिक पांड्या को गुजरात टाइटंस से ट्रेड किया था और उन्हें कप्तान नियुक्त किया था। इसके बाद फैंस में इसको लेकर जमकर गुस्सा फूटा था। फैंस ने फ्रेंचाइजी से वापस से रोहित को कप्तान बनाने की मांग की थी। यह विवाद तब और गहरा गया जब रोहित की पत्नी रितिका ने एक इंटरव्यू के दौरान मुंबई के हेड कोच मार्क बाउचर के बयान पर कमेंट किया था। उन्होंने लिखा था बाउचर के बयान में कई बातें झूठी हैं। बाउचर ने कहा था कि उन्होंने रोहित को कप्तानी से हटाने का फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह रोहित को खुलकर बल्लेबाजी करते हुए देखना चाहते हैं। साथ ही टीम में बदलाव का भी दौर है। रोहित ने इस पर कोई बयान नहीं दिया, लेकिन रितिका के कमेंट के बाद उनके साथ तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था- हमेशा मेरे साथ खड़ी रहती हैं।

अब इस पूरे मामले पर मुंबई इंडियंस और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेल चुके अंबाती रायुडू का बयान सामने आया है। उन्होंने रोहित का समर्थन किया है और कहा कि मुंबई ने कप्तान बदलने में थोड़ी जल्दबाजी कर दी है। हार्दिक इससे पहले 2015 से 2021 तक एमआई के लिए खेल चुके हैं। हालांकि, 2022 में ऑक्शन से पहले वह गुजरात टाइटंस टीम में शामिल हो गए थे और उन्हें कप्तान बनाया गया था। 2022 आईपीएल में उन्होंने गुजरात को जीत दिलाई और फिर 2023 में उनकी टीम उपविजेता रही थी। हालांकि, इस सीजन उन्होंने चौंकाते हुए बतौर कप्तान मुंबई में वापसी की। हालांकि, उनकी वापसी पर मुंबई के किसी भी सीनियर खिलाड़ी ने कोई रिएक्ट नहीं किया था।

सिनेमा

## दुखद: मशहूर फिल्म प्रोड्यूसर का निधन, 'विजयपथ'-'द हीरो' समेत कई फिल्मों का किया था निर्माण

नई दिल्ली। मशहूर फिल्म निर्माता धीरजलाल शाह का निधन हो गया है। उनके भाई हसमुख शाह ने उनके निधन की पुष्टि करते हुए बताया कि पिछले काफी समय से मुंबई के एक अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था और इलाज के दौरान सोमवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। बता दें, धीरजलाल शाह ने सनी देओल की फिल्म 'द हीरोः लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई' का निर्माण किया था। अक्षय कुमार की हिट फ्रेंचाइजी 'खिलाड़ी' और अजय देवगन की फिल्म 'विजयपथ' पर पैसे लगाए थे।



हसमुख शाह ने टाइम्स ऑफ इंडिया को बताया, 'उन्हें कोरोना हो गया था। कोरोना के बाद से ही उनके फेफड़ों में समस्या रहने लगी। 20 दिन पहले जब उनका स्वास्थ्य कुछ ज्यादा ही बिगड़ने लगा तब हमने उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया।' बता दें, फिल्म निर्माता का अंतिम संस्कार आज मुंबई में होगा।

'द हीरोः लव स्टोरी ऑफ ए स्पाई' के निर्देशक अनिल शर्मा ने धीरजलाल शाह के निधन पर दुख व्यक्त किया है। अनिल शर्मा ने लिखा, 'वे न केवल एक अच्छे निर्माता थे बल्कि एक बहुत अच्छे इंसान भी थे। उन्होंने वीडियो की एक ऐसी अद्भुत दुनिया बनाई थी जो अपने आप में क्रांतिकारी थी। हम उन्हें अपनी यादों में जिंदा रखेंगे।' वहीं, निर्माता हरीश सुगंध ने श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, 'उन्होंने 'शहंशाह' के राइट्स खरीदे थे। बिग बी की इस फिल्म ने उनकी जिंदगी बदल दी और वह वीडियो किंग बन गए। उनके पास लगभग सभी फिल्मों के राइट्स हुआ करते थे।'

# संपादकीय

## युवाओं के साथ धोखा

करीब दो महीना पहले ही जब इजराइल ने भारत से मजदूरों की मांग की और हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि की सरकारों ने वहां जाने के लिए युवाओं की भर्ती खोली, तो भीड़ उमड़ पड़ी। भारतीय युवाओं में विदेश जाकर नौकरी करने की ललक कुछ अधिक देखी जाती है। यही वजह है कि ब्रिटेन, कनाडा आदि ऐसे देशों में जाने के लिए युवा और उनके परिजन मुंहमांगी रकम देने को तैयार नजर आते हैं, जहां जाना आसान और रोजगार के अवसर अधिक हैं। मगर गलत तरीके से रूस भेजे गए युवाओं के मामले से एक बार फिर रेखांकित हुआ है कि यह केवल विदेश जाकर नौकरी करने और बस जाने की ललक का मामला नहीं है। दुनिया के बहुत सारे देश जानते हैं कि भारत में श्रम सस्ता है, इसलिए भी वे भारतीय नौजवानों को अपने यहां काम का मौका देते हैं। फिर भारतीय युवा जब विदेश में मिलने वाले मेहनताना की तुलना भारत में मिलने वाले मेहनताने, वेतन, भत्तों आदि से करते हैं, तो उन्हें बहुत कम समय में अधिक बचत नजर आती है। प्रलोभन देकर रूसी सेना में भर्ती कराए गए भारतीय युवाओं का मामला उजागर होने के बाद सरकार सतर्क हो गई है। जांच एजंसियां जगह-जगह छापे मार कर पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि अब तक कितने ऐसे भारतीय युवाओं को धोखे से रूस भेजा और वहां की सेना में भर्ती कर यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में तैनात किया गया है। अभी तक इसका वास्तविक आंकड़ा पता नहीं चल सका है, मगर सीबीआइ की जांच में खुलासा हुआ है कि कई एजंसियों ने बड़ी संख्या में भारतीय युवाओं को छात्र वीजा पर रूस भेजा और वहां उन्हें सेना में सहायक के रूप में तैनात कर दिया गया। यह मामला तब सामने आया, जब वहां से कुछ युवाओं के मारे जाने की खबरें आईं। अब सरकार उन एजंसियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और धोखे से रूस भेजे गए भारतीय युवाओं को मुक्त कराने का प्रयास कर रही है। हालांकि यह कोई पहली घटना नहीं है, जब युवाओं ने रोजगार की तलाश में दूसरे देश का रुख किया। एजंटों की मदद लेकर गलत तरीके से दूसरे देश में प्रवेश पा गए।

**अर्ज़ किया है..!**

*ख़्वाब की तरह*
*बिखर जाने को जी चाहता है*
*ऐसी तन्हाई कि*
*मर जाने को जी चाहता है*

**- इफ़्तिख़ार आरिफ़**

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जिसे कुछ भी नहीं चाहिए उसे मिलने में कुछ बाकी नहीं रहता... यह नियम है..**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**Health is Wealth**

# PCOD से पीड़ित महिलाएं डाइट में शामिल करें ये 3 देसी ड्रिंक्स



आज पीसीओडी यानी पॉलिसिस्टिक ओवरी डिजीज महिलाओं को होने वाली एक आम समस्या बन गई है। जिसका प्रमुख कारण हार्मोन्स में असंतुलन होता है। पीसीओडी से पीड़ित महिला के हार्मोन्स में असंतुलन की वजह से ओवरी में छोटी-छोटी सिस्ट यानी गांठ बन जाती हैं। जिसकी वजह से महिलाओं के शरीर में कई तरह के हॉर्मोनल बदलाव होने लगते हैं। ये सिस्ट पीरियड्स और प्रेग्नेंसी दोनों को डिस्टर्ब करने लगते हैं।

### पीसीओडी का कारण

एक्सपर्ट्स का मानना है कि अभी तक इस बीमारी का मुख्य कारण का पता नहीं चल पाया है। बावजूद इसके लाइफ में तेजी से बढ़ता स्ट्रेस, बदला हुआ लाइफस्टाइल, लेट नाइट जागना और दिन में देर तक सोना, स्मोकिंग और ड्रिंकिंग,मोटापा या फिर वंशानुगत भी पीसीओडी के मुख्य कारण हो सकते हैं। जिसकी वजह से शरीर में हॉर्मोन्स का स्तर गड़बड़ा जाता है।

### पीसीओडी से राहत देंगे ये 3 देसी ड्रिंक

जो महिलाएं पीसीओडी की समस्या से जूझ रही होती हैं, उन्हें अपने खान-पान पर विशेष ध्यान देना चाहिए। अगर आप भी इस लिस्ट में शामिल हैं तो पीसीओडी से नेचुरल तरीके से राहत पाने के लिए अपनी डाइट में ये 3 देसी ड्रिंक को जरूर शामिल करें।

### मेथी पानी

पीसीओडी की समस्या झेल रही महिलाएं इस मेथी वाटर को बनाने के लिए एक चौथाई छोटा चम्मच मेथी दाना, एक चौथाई छोटा चम्मच कलौंजी,एक चौथाई छोटा चम्मच दालचीनी पाउडर और एक चौथाई छोटा चम्मच कॉफी पाउडर को उबलते हुए पानी में डालकर सिर्फ एक उबाल दें। इसके बाद इस पानी को छानकर पी लें। इस पेय को रोजाना सुबह खाली पेट एक महीने पीने से आपका वजन कम होने के साथ बैली फैट भी कम होता है।

### शतावरी वाटर

आयुर्वेद में शतावरी को महिलाओं के लिए वरदान माना गया है। शतावरी का पानी पीने से महिलाओं की प्रजनन अंगों से जुड़ी कई तरह की समस्याएं दूर हो सकती हैं। शतावरी मे मौजूद करीब 50 तरह के कंपाउंड होते हैं जो रिप्रोडक्टिव सिस्टम को ठीक करते हैं। शतावरी के पानी को बनाने के लिए सबसे पहले शतावरी का पाउडर बनाकर रख लें। अब रोजाना सोने से पहले एक चम्मच शतावरी को पानी के साथ पिएं।

### मोरिंगा पानी

मोरिंगा ओलीफेरा एण्ड्रोजन को कम करने में मदद करता है जिससे पीसीओएस में फॉलिकुलोजेनेसिस की वृद्धि होती है। पीसीओडी को मैनेज करना है तो मोरिंगा पाउडर लेना शुरू कर दें। इसके लिए सुबह उठने के बाद या सोने से पहले एक गिलास पानी के साथ 1 चम्मच मोरिंगा पाउडर लें।

## Highlights

1. **Elderly man killed by elephant in Tamil Nadu's Sathyamangalam**
2. **All degrees, certificates must have mother's name, says Delhi HC**
3. **Baroda's Radhika Raje Gaekwad is called most progressive maharani**
4. **Central government implements Citizenship Amendment Act (CAA)**
5. **CAA Clash: Opposition cries foul, BJP celebrates historic step**
6. **DD National to broadcast Ayodhya Ram Temple Aarti daily; Know more**

# As a concept, WatchOut's watch and earbuds hybrid may prove a seminal moment

**NEW DELHI, (Agency).** In isolation, smartwatches and true wireless earbuds continue to evolve. Alongside, it is more affordable too. Little surprise, they're selling in big numbers. Here's an illustration. India's wearable market grew 34% in 2023 compared with 2022, shipping 134.2 million wearables through the year, as per research firm IDC, or International Data Corporation. Alongside, their average selling price declined by 15.4%, now around $21.2 (that's around ₹1,700) from $25. Designs, software and reduced compromises (features, quality and longevity, though arguably), underlying themes. Mumbai based Indian tech start-up WatchOut's take on convergence of these two gadgets, is a pivotal point, as it competes with other Indian tech start-ups, Boat, Noise and Fire-Boltt (the top three, in terms of market share).




The WatchOut WearPods Smartwatch, although the name is a mouthful, is as hybrid as it could have been. True wireless earbuds in a smartwatch. I have not seen anything like this yet, and as intriguing as the idea is, it will require refinement on a much higher level for both separate experiences to work as well as they're supposed to, and when they must, come together seamlessly.

This hybrid, for which the company believes the ideal audience are "Gen Z youngsters", is priced at ₹4,999. For two devices in one, and with no direct competition, I'm not entirely sure what customers would make of it.

For the most part, WatchOut have got the composition right, but there is much room for build on consistency. For starters, the smartwatch isn't as thick or chunky as I'd initially expected it to be, considering it also doubles up as a charging and storage case for wireless earbuds.

A reason for that, the design of the earbuds themselves – incredibly compact in size, an evolution that will surely resonate with more brands as they get back to the drawing board for their next updates.

# Delhi woman gets 6 months jail for failing to file Income Tax Returns on ₹2 crore income

**NEW DEIHI, (Agency).** A Delhi Court sentenced a woman to six months in jail for not filing a return on income of ₹2 crores after a complaint was filed by the Income Tax Office (ITO) alleging that TDS (tax deducted at source) amounting to Rs. 2 lakh was deducted against the receipt of ₹2 crore made to the accused during 2013-14, but no return of income was filed. The court sentenced Savitri noting, "The convict is awarded a sentence of simple imprisonment for six months with a fine of ₹5,000 and in default to undergo simple imprisonment for one month." The court noted that the complainant was able to prove beyond



reasonable doubt that notices were issued to the accused. The court noted that the complainant was able to prove beyond reasonable doubt that notices were issued to the accused. While Savitri's lawyer argued that she is an uneducated widow and has no one to take care of her after which the court granted her 30 days' bail to challenge the order. The court noted that the complainant was able to prove beyond reasonable doubt that notices were issued to the accused owing to which she was bound to file a return of income which was admittedly not filed by the accused. "Accordingly, the accused is held guilty of not filing the return of income for the assessment year 2014-15 under Section 276CC of The Act. Accordingly, the accused is convicted for an offence punishable under Section 276CC of the Act," the court said in the judgement.

# नशे के खिलाफ जागरूक अभियान चला रहे युवकों पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। द्वारकापुरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रजापत नगर में स्थित अहिल्या ओपन गार्डन में कुछ युवक वंहा मौजूद लोगों को नशामुक्ति अभियान के तहत जागरूक करने पहुंचे थे। इस दौरान कुछ बदमाशों ने उन पर जानलेवा हमला कर दिया और मौके से फरार हो गए। मामले में घायल युवकों ने पुलिस को शिकायत की इस पर द्वारकापुरी पुलिस ने हमला करने वाले आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।**

गौरतलब है कि द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गांजा, ब्राउन शुगर और स्मैक का व्यापार होता है, हालत यह है कि यंहा की कई कालोनियों में रहने वाले युवा नशे की गिर त में आ चुके हैं। द्वारकापुरी पुलिस के ढुलमुल रवैये के चलते ही क्षेत्र में नशे का कारोबार तेजी से बढा है, ऐसे में द्वारकापुरी क्षेत्र में भावेश पटेल,केशव यादव अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रहे हैं उन्होंने इसके लिए बकायदा नशामुक्ति अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान के तहत रविवार रात को वे प्रजापत नगर स्थित अहिल्या ओपन गार्डन में लोगो को जागरूक करने पहुंचे थे। तभी यंहा नशा कर रहे कुछ बदमाशों ने आपत्ति ली और उनसे विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद बढा तो बदमाशों ने जागरूकता अभियान चला रहे युवकों पर प्राणघातक हमला करते हुए गार्डन के बाहर खड़ी उनकी चारपहिया वाहन में भी तोडफ़ोड़ कर दी। इतना ही नहीं हमलावरों ने पुलिस को भी घेर लिया था और बाद में बदमाश घटना को अंजाम देकर वहां से फरार हो गए। हमले में भवेश पटेल,केशव यादव, रूप सिंह सोनी,केतन यादव, भारत सिंह परिहार, आशीष यादव को चोंटे आई हैं। पुलिस ने इन सभी घायलों की रिपोर्ट पर आरोपी राज,दिलीप,दशरथ, शेर सिंह और परम व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

द्वारकापुरी थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता का कहना है कि युवक पर हमला करने वाले चार बदमाशों और उनके अन्य साथियों पर धारा 307 सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। घटना में शामिल राज,दिलीप,दशरथ, शेरसिंह को गिर तार कर लिया गया है। मंगलवार को सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और यदि अन्य नाम सामने आते हैं तो उन पर भी प्रकरण दर्ज किया जाएगा।

# 11वीं के छात्र को मार डाला

## मामूली विवाद में पड़ोसियों ने किया था हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** 11 के छात्र की पड़ोसियों ने चाकुओं से गोद कर हत्या कर दी। मृतक का ममेरा भाई भी हमले में घायल हुआ है। पुलिस ने सात आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें हिरासत में ले लिया है।

घटना बाणगंगा इलाके की है। पुलिस के अनुसार मृतक का नाम कोटेश्वर पिता बलराम निवासी कुशवाहा नगर बाणगंगा राजाबाग है, जबकि घायल उसके मामा रामसिंह का बेटा कुलदीप है। मृतक कोटेश्वर 11वीं में पढ़ता था, जबकि कुलदीप दसवीं का छात्र बताया गया है। थाना प्रभारी भदोरिया के अनुसार आरोपियों के नाम हितेश प्रजापत, महेंद्र योगी, हर्ष योगी, अशोक चौहान, रितिक चौहान, अजय पंडित और प्रेमलाल दशोरे है। हितेश की लोडिंग गाड़ी मृतक के घर के नजदीकी खड़ी थी। उस पर सामान भी भरा हुआ था। मृतक कोटेश्वर लोडिंग गाड़ी पर चढक़र पहली मंजिल से कोई सामान उतार रहा था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहा सुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी पक्ष हथियार लेकर सामने आ गए, उन्होंने चाकू से हमले किए। कोटेश्वर के हार्ट के पास चाकू लगा, उसकी वहीं पर मौत हो गई जबकि कुलदीप के हाथ पर गंभीर घाव लगे हैं। देर रात पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। वहीं घटना को लेकर आगे की जांच की जा रही है।

# पांच थानों को मिले नए प्रभारी

## भदौरिया को सौंपी बाणगंगा थाने की जिम्मेदारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर के पांच पुलिस थानों को नए प्रभारी मिले हैं। कमिश्नर ऑफिस से सोमवार दोपहर नवीन पद-स्थापना सूची जारी हुई है। मल्हारगंज थाने के टीआई लोकेश सिंह भदौरिया अब बाणगंगा थाने के टीआई होंगे। रक्षित केंद्र, इंदौर के शिवकुमार रघुवंशी को मल्हारगंज थाना प्रभारी बनाया गया है। गौरतलब है कि कि पिछले दिनों बाणगंगा थाना क्षेत्र की लंदन विला कॉलोनी में डकैती की वारदात हुई थी। डकैती के कथित मास्टरमाइंड सोमला पिता बदनसिंह को पुलिस ने गिर तार कर कोर्ट में पेश किया था। लेकिन सबूतों के अभाव में सोमला को जमानत मिल गई थी। इसे कार्य में गंभीर लापरवाही मानते हुए बाणगंगा थाने के टीआई नीरज बिरथरे और एसआई कमल नागर को कमिश्नर ने लाइन अटैच कर दिया था। हालांकि पुलिस ने जमानत के खिलाफ कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की थी। जिसकी सुनवाई के बाद कोर्ट ने सोमला की जमानत निरस्त कर दी थी। बाणगंगा के अलावा जिन तीन थानों को नए टीआई मिले हैं उनमें खजराना, संयोगितागंज और महिला थाना शामिल हैं। रक्षित केंद्र के निरीक्षक सुजीत श्रीवास्तव को खजराना, रक्षित केंद्र के निरीक्षक सतीश पटेल को संयोगितागंज और रक्षित केंद्र की निरीक्षक कौशल्या चौहान को महिला थाने का प्रभारी बनाया गया है।

# सास-बहू को दी गालियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** किरण पाराशर की शिकायत पर एरोड्रम पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना एमपीईबी ग्रीड के पास गजाधर नगर की है। फरियादी किरण ने पुलिस को बताया कि वो बहु प्रिया के साथ अपने घर गजाधर नगर से बाबूमुराई कॉलोनी जा रही थी। तभी पीछे से अज्ञात व्यक्ति आया, जो नशे में था और गालियां देने लगा। आरोपी को गालियां देने से मना किया तो उसने धक्का दिया और मारपीट करने लगा। फरियादी के चिल्लाने ने पर आसपास के लोग आए और बीच बचाव किया।

# बेटे को बचाने आई मां पर किया हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बर्थ डे पर नहीं बुलाने की बात को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एरोड्रम थाना पुलिस ने फरियादी पंकज पुरे निवासी नगीन नगर की शिकायत पर आरोपी नवीन हलदे निवासी नगीन नगर के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया है। पंकज ने पुलिस को बताया कि बर्थ डे पर नहीं बुलाने की बात को लेकर आरोपी नवीन ने उसे गालियां दीं। मैंने उसे रोका तो नवीन ने मारपीट की। पंकज की मां नर्मदा बाई बीच बचाव करने आई तो उसके साथ भी आरोपी नवीन ने मारपीट की। जिससे नर्मदा बाई को कंधे में चोट लगी।

# कार से ले जा रहे थे शराब की पेटियां

## आबकारी ने घेराबंदी कर किया गिरफ्तार

**इंदौर।** कार से शराब की पेटियां ले जा रहे दो युवकों को आबकारी की टीम ने घेराबंदी कर गिर तार किया। जब उनसे ले जाई जा रही शराब की पेटियों का बिल मांगा गया तो वे नहीं दे पाए। वे शराब की डिलेवरी देने जा रहे थे लेकिन उससे पहले ही आबकारी ने उन्हें पकड़ लिया। गिर त में आए बदमाशों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। सहायक आबकारी आयुक्त मनीष खरे ने बताया कि अभियान चलाकर सतत शराब का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। पिछले कुछ दिनों में कई तस्कर शराब की डिलेवरी देने से पहले पकड़ाए जिनसे बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गई। इसी कड़ी में आबकारी ने एक और कार्रवाई की। मुखबिर की सूचना पर आबकारी की टीम ने राऊ गोल चौराहे के पास चार पहिया वाहन मारूति वैगनआर (यूपी8&यू79&&) को रोका और कार की तलाशी ली तो उसमें विदेशी मदिरा के अलग अलग ब्रांड की 6 गत्ते की पेटियों में भरी मदिरा की 72 बोतलें बरामद की गई। गिर त में आए बदमाशों का नाम सुबोध पिता मु तियारसिंह भदौरिया तथा अभिषेक पिता शिवप्रतापसिंह चंदेल निवासी श्रमिक कालोनी पिगडंबर है। दोनों बदमाशों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों से जब्त कार व शराब की कीमत करीब 4 लाख 45000 रूपए बताई जा रही है।

**जिलाबदर बदमाश पकड़ाया- इंदौर।** क्राइम ब्रांच की टीम ने जिलाबदर बदमाश विशाल पाल को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के एडिशनल डीसीपी राजेश डंडोतिया ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच व बाणगंगा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बाणगंगा क्षेत्र के जिलाबदर बदमाश विशाल पाल निवासी कु हारखाड़ी को गिरफ्तार किया है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेंद्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख व विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक